उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

पत्रांक ::717 / 70 / 01 / डी0आर0(मा0शि0) / सेवा–01 / 2019–20 **दिनांक ::10 फरवरी, 2021**

विस्तृत विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या : **406 / XXX(2) / 2021–55(41) / 2004 दिनांक 18 जनवरी, 2021** के द्वारा समूह 'ग' एवं 'घ' के अन्तर्गत राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजित भूतपूर्व सैनिकों को समूह 'ग' के उच्च पदों पर आवेदन हेतु उच्च आयुसीमा में छूट प्रदान की गयी है। उक्त के अनुपालन में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या : **A-1/S-1/2020 दिनांक 09 अक्टूबर, 2020** द्वारा विज्ञापित **उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग–समूह 'ग') सेवा (सामान्य एवं महिला शाखा) परीक्षा–2020** के सापेक्ष प्रवक्ता**(ग्रेड पे–4800)** के पदों पर ऑनलाइन आवेदन हेतु समूह 'ग' एवं 'घ' के अन्तर्गत राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजित भूतपूर्व सैनिकों को अवसर प्रदान करते हुए दिनांक **11 फरवरी, 2021** से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि एवं आवेदन शुल्क (Net Banking/Debit Card/Credit Card) जमा करने की अंतिम तिथि **20 फरवरी, 2021** तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र के स्वहस्ताक्षरित प्रिंटआउट के साथ शाखावार / विषयवार पृथक–पृथक समस्त अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं अन्य अभिलेख आयोग कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **25 फरवरी, 2021 (कार्यालय समयावधि सायं 6:00 बजे तक)** निर्धारित की गयी है।

3. अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्तानुसार ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावे के सापेक्ष समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के अतिरिक्त आवेदित पद(ग्रेड–पे 4800) से न्यून में कार्यरत रहने के साक्ष्य के रूप में अपनी अद्यतन वेतन पर्ची (Salary Slip) की स्वप्रमाणित छायाप्रति भी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड करने के साथ ही निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।

Sd/-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।